# दुकान स्वामी को दिलाया कब्जा

## न्यायालय के आदेश पर 16 वर्ष पुराने विवाद का निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** न्यायालय के आदेश के अनुपालन में 16 वर्षों से लंबित एक मुकदमे का निर्णय होने के बाद दुकान स्वामी को भारी पुलिस बल की मौजूदगी में उसकी दुकान पर कब्जा दिलाया गया। इस दौरान क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धामपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिलक तखावली निवासी सावित्री देवी पत्नी स्व. कृष्णपाल की नगीना चौक स्थित एक दुकान को लेकर सीनियर डिवीजन न्यायालय, बिजनौर में पिछले 16 वर्षों से वाद विचाराधीन था। मामले में न्यायालय द्वारा 6 जनवरी 2026 को आदेश पारित करते हुए दुकान का कब्जा सावित्री देवी को दिलाए जाने के निर्देश दिए गए थे।



न्यायालय के आदेश के बाद सीनियर डिवीजन न्यायालय से प्राप्त निर्देशों के क्रम में धामपुर पुलिस भारी पुलिस बल के साथ नगीना चौक स्थित दुकान पर पहुंची। कार्रवाई के दौरान दुकान में किराएदार के रूप में रह रहे व्यक्ति को उसका सामान बाहर निकलवाकर दुकान खाली कराई गई, जिसके बाद विधिवत रूप से दुकान का कब्जा सावित्री देवी को सौंप दिया गया।

भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी और कार्रवाई के चलते कुछ समय के लिए क्षेत्र में हलचल बनी रही तथा राहगीरों में भी चर्चा का विषय रहा। हालांकि पुलिस की सतर्कता के चलते स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई।

# चोरी की ई-रिक्शा व बैटरी के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** पुलिस ने चोरी की घटनाओं पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को चोरी के एक ई-रिक्शा एवं एक बैटरी सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जनवरी 2026 को वादी मौहम्मद उस्मान पुत्र मौहम्मद इदरीश निवासी ग्राम अलीपुर भिक्कन, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर द्वारा सूचना दी गई थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका ई-रिक्शा चोरी कर लिया गया है। सूचना के आधार पर थाना धामपुर पर मुकदमा अज्ञात में पंजीकृत किया गया।

मुखबिर की सूचना पर थाना धामपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संबंधित अभियोग में वांछित अभियुक्त सलमान पुत्र फुरकान निवासी मौहल्ला सैयदवाला, ग्राम नींदड़ू, थाना धामपुर, जनपद बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी किया गया एक ई-रिक्शा तथा एक बैटरी बरामद की गई है। अग्रिम आवश्यक विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि उसने 8 जनवरी को रोडवेज बस अड्डे के पास से एक ई-रिक्शा चोरी किया था। इसके अतिरिक्त अभियुक्त ने यह भी स्वीकार किया कि इससे पूर्व उसने ग्राम अलीपुर भिक्कन से एक अन्य ई-रिक्शा चोरी किया था, जिसे वह पहले ही बेच चुका है।

अभियुक्त ने यह भी बताया कि पहले चोरी किए गए ई-रिक्शा की बैटरी को उसने दूसरी चोरी की गई ई-रिक्शा में लगाकर बेचने की योजना बनाई थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस द्वारा उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

## एक नजर

### अज्ञात शव मिलने से सनसनी



**स्योहारा।** थाना परिसर से कुछ कदमों की दूरी पर एमक्यू इंटर कॉलेज के पास देर शाम एक अज्ञात शव पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 28 वर्ष के आसपास बताई जा रही है। थाने के इतने नजदीक अज्ञात शव का मिलना पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एक माह के भीतर क्षेत्र में यह दूसरा अज्ञात शव मिलने की घटना है, जिससे आमजन में भय का माहौल है। शव मिलने की सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। आसपास के लोगों से मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। प्रारंभिक जांच में शव पर किसी प्रकार के स्पष्ट चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पत्रकार इकबाल अंसारी के ससुर का इंतकाल



**स्योहारा।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल अंसारी के ससुर तथा ग्राम हरेवली निवासी मौहम्मद कारी यूसुफ का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया। उनके निधन की खबर से न केवल परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मौहम्मद कारी यूसुफ एक नेक, सरल स्वभाव, धार्मिक और समाजसेवी प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन इंसानियत, ईमानदारी और दीन की खिदमत में गुजारा। शुक्रवार को नमाज-ए-जोहर के बाद उनका जनाजा अदा किया गया, जिसके बाद उन्हें पूरे अदब व एहतराम के साथ सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में तमाम उलेमा-ए-कराम, ग्रामवासी, सामाजिक, राजनीतिक एवं पत्रकार जगत से जुड़े लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। इस मौके पर स्योहारा नगर के वरिष्ठ पत्रकार फहीम अहमद कुरैशी, स्योहारा प्रेस क्लब अध्यक्ष रियाज उर्फ प्रिंस, ग्राम प्रधान कासिम अंसारी, कुरैशी फाउंडेशन के अध्यक्ष जुबेर कुरैशी, नासिर कुरैशी, बढ़ापुर के पूर्व चेयरमैन आबिद अंसारी, बढ़ापुर विधानसभा के संभावित प्रत्याशी असलम अंसारी, हाफिज अनीस अंसारी, मौलाना जुनैद अंसारी सहित सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

### आग लगने से फर्नीचर जला



**चांदपुर।** मौहल्ला काजीजादगान स्थित गोकुल नगर रोड पर अमोल फर्नीचर हाउस की दुकान व शोरूम है। आज देर शाम ऊपर की मंजिल से धुआं उठते देख फर्नीचर हाउस स्वामी ने शोर मचा दिया आसपास के लोग एकत्र हो गये और आग बुझाने का प्रयास किया। दूसरी मंजिल की छत पर अचानक आग लगने से वहां रखा लकड़ी का तैयार कीमती फर्नीचर आग की भेंट चढ़ गया। आग इतनी तेजी से लगी कि क्षण भर में काफी कीमती सामान जल गया। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन इससे पहले मौहल्ले वालों ने मिलकर आग को कंट्रोल कर लिया था।

### बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश

**नजीबाबाद।** नगर के आचार्य आर.एन. केला इंटर कॉलेज में बूथ संख्या 251, 252, 253 व 254 पर सभी बूथ लेबर अधिकारी (बीएलओ) द्वारा एसआईआर के बाद आलेख्य मतदाता सूची पर प्रकाशन किया गया। एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सभी बूथ लेबल अधिकारी की उपस्थिति का निरीक्षण किया गया। एसडीएम द्वारा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) में आगामी माह में दावे-आपत्तियों व नए मतदाता के फार्म, संशोधन में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## एक नजर

### कॉर्बेट में सोलर लाइट्स का वितरण



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की ढेला रेंज अंतर्गत ग्राम सावल्दे पश्चिम जंगल में लकड़ी बीनने गई महिला पर बाघ द्वारा हमला किए जाने की घटना घटित हुई थी। जिसमें महिला की मृत्यु हो गई थी। यह घटना अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण रही थी। घटना के बाद ग्रामवासियों द्वारा मांग रखी गई कि ग्राम के जंगल से सटी सीमा पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिससे रात्रि के समय वन्यजीवों की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। जिससे ग्रामीणों को समय रहते सतर्क किया जा सके। वन विभाग ने ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा डॉ. साकेत बडोला निदेशक कोर्बेट टाइगर रिजर्व के निर्देशन में त्वरित कार्रवाई की गई। इसी क्रम में ग्राम सावल्दे पश्चिम की इको विकास समिति के अध्यक्ष अंकित बेलवाल एवं ग्राम प्रधान धरम सिंह को सोलर लाइट्स वितरित की गईं। जिन्हें ग्राम की जंगल से लगती सीमा पर स्थापित कर दिया गया है। इन सोलर लाइट्स के स्थापित होने से रात्रि के समय क्षेत्र में पर्याप्त उजाला रहेगा। जिससे किसी भी हिंसक वन्यजीव जैसे बाघ या तेंदुए की उपस्थिति की जानकारी ग्रामीणों को शीघ्र प्राप्त हो सकेगी। साथ ही प्रकाश व्यवस्था होने से जंगली जानवरों के गांव की ओर आने की संभावना भी काफी हद तक कम होगी। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन द्वारा मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु क्षेत्र में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत ग्राम हाथी डगर सहित कालागढ़ क्षेत्र के अन्य ग्रामों में निरंतर बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों से जंगल में न जाने की अपील की जा रही है। घटना में संलिप्त बाघ को पकड़ने एवं सुरक्षित रूप से रेस्क्यू करने हेतु मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक से अनुमति के उपरांत वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी कॉर्बेट टाइगर रिजर्व दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में बाघ को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू करने की कार्रवाई लगातार जारी है।

### अवैध मिट्टी खनन पर भाकियू का आक्रोश

**बिजनौर।** नजीबाबाद तहसील एवं मंडावली थाना क्षेत्र में नदी सहित विभिन्न स्थानों पर लगातार हो रहे अवैध मिट्टी व बालू खनन को लेकर भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष चौधरी रोहिताश सिंह ने उप जिलाधिकारी नजीबाबाद के नाम तहसीलदार को व पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) पुलिस को भी ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 13 जनवरी तक अवैध खनन बंद नहीं कराया गया, तो पहली कड़ी में तहसील परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू किया जाएगा। संगठन का कहना है कि शासन के निर्देशों के बावजूद जेसीबी व भारी मशीनों से दिन-रात अवैध खनन किया जा रहा है। बिना नंबर प्लेट ट्रैक्टरों और डंपरों से मिट्टी व बालू की ढुलाई खुलेआम हो रही है, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है और प्राकृतिक संतुलन बिगड़ रहा है। किसान यूनियन ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभागों द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। इससे किसानों की जमीन, ग्रामीण सड़कें और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। भाकियू ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से अवैध खनन पर रोक लगाई जाए। दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो तथा जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए। संगठन ने चेताया कि यदि प्रशासन ने समय रहते कदम नहीं उठाया, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उपस्थित रामोद कुमार व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष गड्डू, नगर अध्यक्ष जलालाबाद मौहम्मद रफीक, राज कुमार फौजी, सोहेल खान, सुंदर सिंह, मौहम्मद जाकिर, नईम अहमद, मौहम्मद इरफान सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत

## प्रयागराज चिंतन शिविर में किसानों को लेकर पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** ब्लॉक कार्यालय के सभाकक्ष में भाकियू टिकैत की मासिक बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं को उठाया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने कहा कि किसानों को अपनी जमीन, सम्मान व स्वाभिमान को बचाये रखना है तो संगठित होकर संघर्षरत रहना होगा।



ब्लॉक कार्यालय के सभागार में आयोजित भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में भाकियू जिलाध्यक्ष चौधरी सुनील प्रधान ने संगठन की मासिक बैठक को मुख्य अतिथि के रूप मे सम्बोधित करते हुए कहा कि भाकियू संगठन चौधरी नरेश टिकैत व चौधरी राकेश टिकैत के नेतृत्व में किसानों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 15 जनवरी से प्रयागराज में संगम तट पर शुरू होने वाले भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में अधिक से अधिक किसानों को साथ लेकर प्रयागराज पंहुचने का आह्वान भी किया।

चौधरी तारा सिंह की अध्यक्षता तथा मुनिदेव सिंह के संचालक में हुई बैठक में नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष अरूण कुमार ने कहा कि वे विषम से विषम परिस्थितियों में भी सदैव किसानों की समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास करते रहेंगे। ठाकुर रामौतार सिंह, धर्मेन्द्र राणा, जितेन्द्र सिंह, टीकम सिंह, राजेन्द्र सिंह, संदीप शर्मा आदि ने भी सम्बोधित किया। बैठक के बाद हल्दौर नगर में पंहुचने पर संदीप शर्मा के प्रतिष्ठान जेपी आटोमोबाइल शोरूम पर भी हल्दौर नगर वासियों की ओर से भी भाकियू जिलाध्यक्ष व मौजूद भाकियू पदाधिकारियों का शॉल ओढ़ाकर जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर परवेन्द्र सिंह बालियान, प्रथम चौधरी, जितेन्द्र सिंह, रघुनाथ सिंह, महेंद्र सिंह, इकबाल मलिक, राजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र प्रधान, रोहित प्रधान, विनित चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### नव वर्ष में आईटीआई अनुदेशकों को मिला प्रमोशन का तोहफा

**बिजनौर।** वर्ष 2026 राजकीय आईटीआई के अनुदेशकों के लिए वरदान बनकर आया है। वर्ष के प्रारंभ में ही राजकीय आईटीआई में कार्यरत चार अनुदेशकों की पदोन्नति अनुदेशक से फोरमैन के पद पर की गई है। इतनी बड़ी संख्या में एक संस्थान से इतने अधिक प्रमोशन पहली बार हुए हैं। इससे आईटीआई अनुदेशकों में प्रसन्नता की लहर है। पदोन्नतअनुदेशक कुलदीप कुमार जख्मोला, कामता प्रसाद, अबरार हुसैन एवं अशोक कुमार को उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई।



# क्रय केन्द्रों पर घटतौली का विरोध शुरू

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पदाधिकारियों ने शुगर मिलों द्वारा की जा रही घटतौली और मिल कर्मचारियों की मनमानी के विरोध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन स्थानीय प्रशासन को सौंपा।



भाकियू लोक शक्ति ने सौंपा ज्ञापन

उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के गन्ना क्रय केंद्रों पर चल रहीं घटतौली और अपने हकों की आवाज उठाने पर मिल कर्मचारियों द्वारा किसानों के साथ अभद्रता किए जाने के विरोध में आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बिजनौर जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में बड़ी संख्या पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के क्रय केंद्रों पर घटतौली करके किसानों के खून पसीने से तैयार फसल पर डांका डाला जाता है। घटतौली का विरोध करने पर किसानों के साथ अभद्रता करके अपनी तानाशाही का रौब दिखाकर भोले-भाले किसानों को डराया व धमकाया जाता है । जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने शुगर मिलों और जिला गन्ना अधिकारियों को स्पष्ट चेताया कि जिले में किसी भी शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में जहां भी घटतौली की सूचना प्राप्त होगी, वहीं पहुंचकर सम्बंधित अधिकारियों से उचित कार्यवाही करायी जाएगी। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए किसानों के बीच पहुंचे उप जिलाधिकारी को जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने गन्ना किसानों प्रमुख समस्याओं और मांगों से अवगत कराया। मुख्यमंत्री और जिलाधिकारी के नाम एक मांग पत्र सौंपकर सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग उठाई गई। उप जिलाधिकारी ने किसानों को आश्वस्त किया कि एक टीम गठित करके छापेमारी द्वारा घटतौली रोकने का अभियान शुरू किया जाएगा।

ज्ञापन में सभी शुगर मिल गेटों और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली रोकने के लिए स्पेशल टीम गठित करके छापेमारी द्वारा घटतौली बंद कराने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि शुगर मिल कर्मचारियों द्वारा आये दिन किसानों के साथ अभद्रता की जाती है, ऐसे कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही की जाए। शुगर मिल के क्रय केंद्रों पर गन्ने की घटतौली की जाती है और किसानों द्वारा विरोध करने पर उनके साथ अभद्रता करके किसानों पर झूठे मुकदमों में फसाने का दबाव बनाया जाता है। जांच करके ऐसे कर्मचारियों पर उचित कार्यवाही की जाए। उत्तम शुगर मिल बरकातपुर में प्रदूषण नियंत्रण कानून व्यवस्था को ताक पर रखकर कार्य किए जा रहे हैं। समय-समय पर प्रदूषण विभाग की टीम द्वारा छापेमारी करके प्रदूषण नियंत्रण कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। गन्ना क्रय केंद्रों पर मिल गेट पर गन्ना ले जाने वाले ट्रक और ट्रैक्टर ट्रॉले ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन रात दिन सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। ऐसे ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों पर प्रतिबंध लगाने के लिए शक्त कानून व्यवस्था लागू की जाए आदि।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने कहा कि सभी बिंदुओं पर शीघ्र समाधान नहीं होने की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के बैनर तले एक बड़े जन आंदोलन को शुरू किया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, राष्ट्रीय महासचिव चौ. पदम सिंह, चौ. सतबीर सिंह, जग्गन अली, अजयपाल सिंह, योगेंद्र सिंह काक. रान, मूला सिंह, प्रदीप राणा, मनोज कुमार, नीटू राणा, नौबहार सिंह, मुव्वशिर बेग, अकरम अली, विजेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, महेंद्र सिंह, मास्टर जय सिंह व प्रमोद सहित बड़ी संख्या में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**कार्यालय सहायक निबंधक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री मौ. शफीक** द्वारा **संस्था जामा मस्जिद वैल्फेयर सोसाइटी, ग्राम व पोस्ट सरकड़ा चकराजमल तहसील धामपुर, जिला बिजनौर** का **अध्यक्ष/सदर** दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. मौ. शफीक- अध्यक्ष/सदर, 2. मौ. साबिर- उपाध्यक्ष/ नायब सदर, 3. गुलजार अहमद- प्रबन्धक/मुतवल्ली, 4. अतीक अहमद- उपप्रबन्धक/ नायब मुतवल्ली, 5. असलीम- कोषाध्यक्ष/ खजांची, 6. फुरकान अहमद, 7. साबिर हुसैन, 8. नसीम अहमद- सदस्य दर्शाये गये है।

अतः यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सो. रजि. एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

**आज्ञा से ( आनन्द विक्रम सिंह ) सहायक निबन्धक**

### दहेजमुक्त अभियान पकड़ रहा तेजी

**अफजलगढ़।** दहेज मुक्ति अभियान को लेकर ग्राम हाफसाबाद चमन में एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारत से दहेज से मुक्ति दिलाने के अभियान को एक कदम और। प्रोग्राम में सभी बिराद. रियों के जिम्मेदार लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया एवं गांव में डोर टू डोर जनता से संवाद करते हुए ग्रामीणों से दहेज मुक्ति अभियान के साथ-साथ शादियों में गैरजरूरी नई रस्मों फिजूल खर्ची से लोगों को जागरूक किया गया।

इस अवसर पर हाफसाबाद निवासी सलीम अंसारी ने गैरजरूरी रस्मों को खत्म करने की शपथ ली। शोऐब कुरैशी ने कहा की भारत से देहज मुक्ति अभियान का सभी लोगों विशेषकर नौजवानों से अभियान का हिस्सा बनने का आह्वान किया। वहीं अफजलगढ़ यूथ विंग की कार्यकर्ता मौहम्मद फहीम ने कहा कि जावेद अमान जो इस अभियान की भारत यात्रा कर रहे हैं।

नए रस्म जैसे बारात आने पर दुल्हा द्वारा रिबन काटना, डीजे बजाना, आतिशबाजी, हल्दी, केक काटना आदि नए रस्मों को खत्म करने को जागरूक किया।

**अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2) यू.पी. म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **श्री मौ. शरीफ पुत्र श्री मौ. हनीफ मौहल्ला मुगलूशाह** तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर में नगर पालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में **श्री मौ. नफीस पुत्र श्री हाजी हनीफ खान** नजीबाबाद, जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतु बजरिये रजिस्टर्ड बैनामा व शपथ-पत्र सहित आवेदन-पत्र दिया है।

अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा।

**विवरण सम्पत्ति सं.**: 777/2 **मुगलूशाह,** नगर व तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**

स्वच्छ सहसपुर स्वच्छ उत्तर प्रदेश स्वच्छ भारत

**कार्यालय नगर पंचायत सहसपुर, जनपद-बिजनौर**

सी.यू.जी. मोबाइल नं.-8189078129 ई-मेल: eonpsasbi-up@nic.in

पत्रांक: 619/न.पं./सह./2025-26 दिनांक: 09 जनवरी, 2026

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सहसपुर, जनपद-बिजनौर द्वारा संचालित अस्थाई गौ-आश्रय स्थल में अधिक मात्र में गोबर एकत्रित हो चुका है। जिसके लिये नगर पंचायत सहसपुर, जनपद-बिजनौर द्वारा दरें प्राप्त की जा रही हैं। उक्त दरें दिनांक 10.01.2026 से 17.01.2026 तक अपराह्न 03 बजे तक आमंत्रित की जा रही हैं। इच्छुक व्यक्ति किसान या खाद्य निर्माता इकाईयां निर्धारित अवधि में अपनी दरें सीलबन्द लिफाफे में कार्यालय में प्रेषित कर सकते हैं।

**( दीपक कुमार )** **अधिशासी अधिकारी** **नगर पंचायत सहसपुर** **जनपद-बिजनौर।**

**( नाहिद परवीन )** **अध्यक्षा** **नगर पंचायत सहसपुर** **जनपद-बिजनौर।**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, शेरकोट ( बिजनौर )**

पत्रांक:- 599 (1) /न.पा.प.शेर./2025-26 दिनांक:- 09.01.2026

**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका परिषद शेरकोट, जनपद-बिजनौर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के अन्तर्गत सिटी सॉलिड वेस्ट एक्शन प्लान (CSWAP) में लिगेंसी वेस्ट निस्तारण हेतु डी.पी.आर. बनाया जाना है, जिसके लिए RCUES से संबंधित समस्त अधिकृत फर्म/व्यक्तियों, समूहों को सूचित किया जाता है, कि सम्बंधित डी.पी.आर. तैयार करने हेतु दिनांक 17.01.2026 को सायं-04:00 बजे तक अपनी दरें नगर पालिका परिषद शेरकोट की ई-मेल nppsherkot234@gmail.com पर व पंजीकृत डाक एवं स्वयं नगर पालिका परिषद शेरकोट कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मों में से चयन किया जायेगा। प्राप्त दरें उसी दिन या बाद में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी प्रतिबंधित दर स्वीकार नहीं की जायेगी।

**अधिशासी अधिकारी** **नगर पालिका परिषद** **शेरकोट ( बिजनौर )**

**अध्यक्ष** **नगर पालिका परिषद** **शेरकोट ( बिजनौर )**

# ट्रैक्टर की टक्कर से घायल छात्र की अस्पताल में मौत, पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

**कांठ ( शाह टाइम्स )** गुरुवार सुबह ट्रैक्टर की टक्कर से घायल हुए छात्र की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई मौत की खबर मिलते ही घर पर कोहराम मच गया उधर पुलिस ने छात्र के शब का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने दोषी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा भी किया। थाना क्षेत्र के गांव रामसराय निवासी रजत पाल पुत्र जोगराज सिंह मोटरसाइकिल से पब्लिक इंटर कॉलेज में संचालित प्री बोर्ड परीक्षा देने के लिए आ रहा था जैसे ही वह सलेमपुर मार्ग पर पहुंचा सामने से आ रहे सलेमपुर गांव के तजुम्मुल हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन की ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। जिसमें रजत पाल गंभीर रूप से घायल हो गया ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया पीछे से आ रहे गांव के कनिस पाल कोशिंदर आदि ने रजत को घायल अवस्था में पड़ा देखा तो घर पर सूचना दी। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ ले गए जहां से उसकी हालत को गंभीर देखते हुए मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। लेकिन अस्पताल के आईसीयू में भर्ती रजत की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर मिली तो घर पर कोहराम मच गया काफी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम करा कर शब परिजनों के हवाले कर दिया लेकिन थाना कांठ आते ही मृतक के परिजनों ने एंबुलेंस साइड में खड़ी करके थाने पर हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका कहना था कि ट्रैक्टर चालक के





खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। इससे पहले ही पुलिस ने ट्रैक्टर को थाने लाकर खड़ा कर दिया और चालक को हिरासत में ले लिया था। पुलिस के काफी समझाने के बाद मृतक के परिजन उसका अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हो गए लेकिन समाचार लिखे जाने तक अंतिम संस्कार नहीं हो पाया था। बताया गया कि रजत अपने पिता का इकलौता बेटा था उसके एक और बहन है जो दिव्यांग है रजत के पिता की कुछ साल पहले किसी ने हत्या कर दी थी मृतक की मां का रो रो कर बुरा हाल है।

# भाजपा मण्डल बिलारी में एसआईआर द्वितीय चरण की शक्ति केंद्र बैठकें सम्पन्न, संगठन को मजबूत करने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** भाजपा मण्डल बिलारी के अंतर्गत सभी शक्तिकेंद्रों पर एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिव. ीजन) के द्वितीय चरण की बैठकें हुईं। इन बैठकों में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री कमल कुमार प्रजापति उपस्थित रहे। बैठकों के दौरान कमल कुमार प्रजापति ने शक्तिकेंद्र संयोजकों, बूथ अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की तथा आगामी कार्ययोजनाओं के लिए सभी को प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में मतदाता सूची में पहले से दर्ज नामों का सत्यापन किया गया था। अब निर्वाचन आयोग से प्राप्त ड्राफ्ट वोटर लिस्ट का गहन निरीक्षण किया जाना है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जो पात्र मतदाता सूची में शामिल होने से छूट गए हैं, उन्हें निर्धारित प्रपत्र भरकर मतदाता सूची में जोड़ा जाएगा तथा जो मतदाता किसी कारणवश गलत रूप से सूची में दर्ज हैं, उन पर आपत्ति दर्ज कराकर नाम हटवाने की प्रक्रिया



सुनिश्चित की जाएगी। यह समस्त कार्य प्रत्येक बूथ पर बूथ अध्यक्षों एवं बीएल के माध्यम से प्रभावी ढंग से पूरा किया जाना है। शक्तिकेंद्र बैठकों का संचालन मण्डल संयोजक मनोज ठाकुर (महामंत्री) द्वारा अनुशासित एवं सुव्यवस्थित तरीके से किया गया। बैठकों में अंकुर भटनागर, प्रेमपाल पासी, अनिल कुमार, किशन लाल प्रजापति, मनोज प्रजापति, रविंद्र चौधरी, काशीराम, यादराम, एम.आर. हसन, इमरान पाशा, गोपी वाल्मीकि, हेमंत शर्मा, गिरीशबाबू, मेघपाल सिंह, पंकज चौहान, मनोज सक्सेना, शकील अहमद, वीरपाल कोहली, राजीव सैनी, मुकुल पाण्डेय, बाबूराम लोधी, अतुल शर्मा, यशप्रताप सिंह, संदीप अग्रवाल इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजकीय महिला अस्पताल में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** नगर स्थित राजकीय महिला अस्पताल में बुधवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाओं ने पहुंचकर स्वास्थ्य जांच कराई और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, वजन, शुगर सहित अन्य जरूरी जांचें की गईं। साथ ही उन्हें आयरन, कैल्शियम एवं अन्य आवश्यक दवाइयों का निःशुल्क वितरण किया गया। चिकित्सकों ने महिलाओं को पोषण, नियमित जांच, स्वच्छता और सुरक्षित प्रसव से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दीं। आयोजन का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को समय पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना रहा। इस मौके पर चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेशमा, डॉ. वजाहत, सेहर फातिमा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पूरे कार्यक्रम को व्यवस्थित एवं सफल ढंग से संपन्न कराया।

# मॉडर्न ड्रग रिसर्च में ड्रग मेटाबॉलिज्म के संग फार्माकोकाइनेटिक्स का रोल महत्वपूर्ण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में बोत्स्वाना मेडिसिन एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, दक्षिण अफ्रीका के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.फरात अली का ड्रग मेटाबॉलिज्म एवम् फार्माकोकाइनेटिक्स में नवाचार: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हर्बल ज्ञान एवम् ट्रांसलेशनल साइंस पर विशेषज्ञ व्याख्यान बोत्स्वाना मेडिसिन एंड रेगुलेटरी अथॉरिटी, दक्षिण अफ्रीका के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.फरात अली बोले, आधुनिक औषधि खोज एवम् विकास में ड्रग मेटाबॉलिज्म और फार्माकोकाइनेटिक्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मॉडलिंग, औषधियों के वैज्ञानिक मूल्यांकन और अकादमिक-उद्योग समन्वय पर विशेष प्रकाश डालते हुए छात्रों को नवाचार एवं अनुसंधान के लिए प्रेरित किया। डॉ. फरात ने डीएमपीके की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देते हुए उत्पाद रसायन और अवशोषण, वितरण, मेटाबोलिज्म, और निष्कासन- एडीएमई के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. फरात तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ फार्मेसी में इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल-आईआईसी के तत्वावधान में ड्रग मेटाबॉलिज्म एवम् फार्माकोकाइनेटिक्स में नवाचार: आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, हर्बल ज्ञान एवम्ट्रांसलेशनल साइंस पर आयोजित विशेषज्ञ व्याख्यान में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ.फरात अली, फार्मेसी कॉलेज



के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल एवं उप-प्राचार्य प्रो. मयूर पोरवाल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। डॉ.फरात अली ने बताया कि एडीएमई गुणों की अपर्याप्त समझ और मूल्यांकन दवा उम्मीदवारों की विफलता के प्रमुख कारणों में से एक है। उन्होंने व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से बताया कि एडीएमई अध्ययन का प्रारंभिक एकीकरण नई रासायनिक इकाइयों की प्रभावशीलता, खुराक निर्धारण, और सुरक्षा सीमाओं के निर्धारण के लिए आवश्यक है। साथ ही मेटाबोलिज्म अध्ययन के लिए उपयोग किए जाने वाले विट्रो मॉडल्स पर चर्चा करते हुए बताया कि एलसी-एम/एस तकनीक मेटाबोलाइट पहचान और क्वांटिफिकेशन में महत्वपूर्ण है। अतिथि व्याख्यान से पूर्व मुख्य अतिथि को पौधा भेंट करके स्वागत किया गया। अंत में प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया गया। फार्मेसी कॉलेज के आईआईसी एम्बेसडर एवम् कार्यक्रम समन्वयक डॉ. आशीष सिंघई ने वोट ऑफ थैंक्स दिया। कार्यक्रम में डॉ. राजेश शर्मा, डॉ अनुराधा पवार, डॉ प्रेमशंकर, श्री मोर्ि. हत, श्रीमती अनुज्ञा के संग-संग रिसर्च स्कॉलर्स, फार्मेसी कॉलेज के बी. फार्मा, एम. फार्मा स्टुडेंट्स आदि मौजूद रहे। संचालन छात्र संदेश सराफ ने किया।

## एक नजर

### पुलिस ने तीन को किया शांतिभंग की आशंका में न्यायालय में पेश



कांठ(शाह टाइम्स) आपस में झगड़ रहे तीन लोगों को पुलिस ने शांति भंग में चालान करते हुए अदालत के समक्ष पेश किया है। थाना क्षेत्र के पट्टी मोडा निवासी अमन पुत्र अमित अनंत पुत्र अमित और देव यादव पुत्र राजेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया कि यह लोग आपस में झगड़ रहे थे जिससे शांति भंग की आशंका पैदा हो गई पुलिस ने तीनों को संबंधित अदालत के समक्ष पेश किया है।

### शादी हॉल गुलशने फैज में अज्ञात चोरों ने की हजारों रुपये की चोरी



**मूंडापांडे।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत दलपतपुर पुलिस चौकी स्थित गुलशने फैज शादी हॉल में बीती रात अज्ञात चोरों ने गेट के ताले तोड़ कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने हॉल के कमरे का ताला तोड़कर जनरेटर का अल्टरनेटर, कीमती भगोने और इनवर्टर सहित अन्य सामान पार कर दिया, शुक्रवार सुबह के समय जब पीड़ित ताहिर सैफी हॉल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि कमरे के ताले टूटे हुए थे और अंदर रखा कीमती सामान गायब था। ताहिर सैफी के मुताबिक चोरों ने एलुमि. नियम के भगोनों के साथ जनरेटर से अल्टरनेटर खोला और भारी भगोने व इनवर्टर लेकर रफूचक्कर हो गए,पीड़ित ने बताया कि गुलशने फैज शादी हॉल में चोरी की यह पहली घटना नहीं है।

इससे पहले भी चोर इस हॉल को अपना निशाना बना चुके हैं। बार-बार हो रही इन वारदातों से क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है, शादी हॉल स्वामी ताहिर सैफी ने दलपतपुर चौकी में लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट एफआईआर दर्ज

**कांठ( शाह टाइम्स )** पुरानी रंजिश को लेकर महिला से मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे दी महिला की शिकायत पर पुलिस ने दो के खिलाफ मामला दर्ज किया है। थाना छजलैट के गांव मधुआ खालसा निवासी रचना पत्नी हेमंत का आरोप है कि 6 जनवरी को सुबह वह चामुंडा मंदिर से जल चढाकर घर को वापस आ रही थी। रास्ते में गांव के भूपेंद्र और उसका पुत्र हर्षित मिल गए और मारपीट शुरू की उसने भाग कर अपनी जान बचाई तो दोनों उसे व उसके पति को जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता थाने पहुंची और पिता पुत्र के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# मुरादाबाद में ओरिफ्लेम न्यू ईयर 2026 इवेंट का भव्य आयोजन, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर रहा फोकस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। पूजा चौहान, मुरादाबाद के नेतृत्व में ओरिफ्लेम न्यू ईयर 2026 इवेंट का भव्य आयोजन सई मंदिर रोड स्थित सिल्वर स्पून रेस्टोरेंट में किया गया। इस अवसर पर ओरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 30वीं एनिवर्सरी को उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को खास बना दिया।

कार्यक्रम के दौरान ओरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की 30वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 30 लकी ड्रा निकाले गए, जिनकी कुल कीमत घ30,000 से अधिक रही। लकी ड्रा में विभिन्न आकर्षक उपहार शामिल थे, जिन्हें पाकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इसके साथ ही कार्यक्रम में फैशन शो का भी आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागी महिलाओं ने आत्मविश्वास और हुनर का शानदार प्रदर्शन किया। फैशन शो में प्रथम स्थान श्रीमती यामिनी ने प्राप्त





किया, जबकि द्वितीय स्थान पर श्रीमती श्वेता सचदेवा और तृतीय स्थान पर एकता रहीं। विजेताओं को मंच पर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम का माहौल और भी उत्साहपूर्ण हो गया। इस इवेंट में ओरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े कई वरिष्ठ पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से श्री राजेश शर्मा (एरिया मैनेजर, ओरिफ्लेम), श्रीमती श्रुति गर्ग (गोल्ड डायरेक्टर, बिजनौर) और श्रीमती निधि जिंदल (गोल्ड डायरेक्टर, रामनगर) ने कार्यक्रम में शिरकत की और प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजक श्रीमती पूजा चौहान ने बताया कि इस इवेंट का मुख्य उद्देश्य उन महिलाओं को अवसर देना है, जो घर में रहकर बाहर कार्य नहीं कर पातीं। उन्होंने कहा कि महिलाएं ओरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से जुड़कर घर बैठे अपने सपनों को पूरा कर सकती हैं, कंपनी के उत्पादों का उपयोग एवं प्रचार कर सकती हैं और साथ ही आय भी अर्जित कर सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि कंपनी समय-समय पर गिफ्ट, प्रोत्साहन और देश-विदेश की यात्राओं का अवसर भी प्रदान करती है। श्रीमती पूजा चौहान ने जानकारी दी कि ओरिफ्लेम से जुड़ने के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता होती है और डायरेक्ट डिस्ट्रीब्यूशन मार्केट के तहत घर बैठे कार्य किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती पूजा चौहान को अपना लक्ष्य पूरा करने पर ओरिफ्लेम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के एरिया मैनेजर श्री राजेश शर्मा द्वारा एप्पल मोबाइल 16 मात्र घ199 में भेंट किया गया, जिसे देखकर उपस्थित लोगों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

# अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ी जाति कर्मचारी/अधिकारी संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के पीलीकोठी स्थित शहनाई मंडप में शुक्रवार को अनुसूचित जाति/जनजाति एवं पिछड़ी जाति कर्मचारी/अधिकारी संघ, नगर निगम मुरादाबाद की त्रैवार्षिक कार्यकारिणी (वर्ष 2026ख्र2029) के गठन के उपरांत नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महापौर विनोद अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत उद्‌बोधन के साथ हुआ। इसके पश्चात महापौर विनोद अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण के दौरान सभी पदाधिकारियों ने संगठन की गरिमा बनाए रखने, कर्मचारियों व अधिकारियों के हितों की रक्षा करने तथा नगर निगम के कार्यों को ईमानदारी और समर्पण के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।वर्ष 2026ख्र2029 के लिए गठित कार्यकारिणी में अरविंद कुमार को अध्यक्ष, राजू भाई अंबेडकर को कार्यकारी अध्यक्ष, ओंकार सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं पूरन प्रसाद, जबर सिंह, अंकित यादव और संजय कुमार को उपाध्यक्ष, अमर सिंह को महामंत्री, रमेश गंगवार, प्रदीप कुमार एवं जसवंत सिंह को संयुक्त मंत्री, रामदास को संगठन मंत्री तथा बाबू सिंह विश्न स्वरूप को कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई।महापौर विनोद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि नगर निगम के कर्मचारी एवं अधिकारी शहर की व्यवस्था की रीढ़ हैं। वंचित वर्गों से जुड़े कर्मचारी संगठनों की भूमिका समाज और नगर विकास दोनों के लिए महत्वपूर्ण है। विशिष्ट अतिथि अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने प्रशासन और कर्मचारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया। समारोह में कर्मचारी संघ अध्यक्ष मोहम्मद सुब्हान, महामंत्री मोहित चौहान, सफाई कर्मचारी नेता ओमीलाल वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एसपी ग्रामीण ने पुलिस कार्यालय का किया निरीक्षण व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिए निर्देश

**मुरादाबाद।** शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह के द्वारा क्षेत्राधिकारी हाईवे के साथ पुलिस कार्यालय की



विभिन्न शाखाओं एवं कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में रखे अभिलेखों की गहन समीक्षा की और उनके उचित रख-रखाव व समय-समय पर अद्यावधिक किए जाने के निर्देश दिए।पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कहा कि अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण न केवल प्रशासनिक कार्यों को सुचारु बनाता है, बल्कि पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित करता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रजिस्टर, फाइलें एवं डिजिटल रिकॉर्ड अद्यतन स्थिति में रहें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देते हुए उन्होंने कार्यालय परिसर को स्वच्छ और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ वातावरण में कार्य करने से कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और आमजन पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने कार्यालयीन कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर भी चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करने और शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अंत में उन्होंने बेहतर कार्यप्रणाली के लिए सभी को सजग और सक्रिय रहने का संदेश दिया।


**नामपरिवर्तन सूचना**

मेरे पति का नाम MOHAMMAD ANVER पासपोर्ट संख्या: **N-3438853** लिखा है जो कि गलत है। सही नाम आधार कार्ड में **MOHAMMAD ANWER** है। अब इसी नाम से जाना जाए पत्नी शैला नि. हमसफर हाल जमा मस्जिद, मुरादाबाद।

**आवश्यकता हैं**

श्री रघुनाथ ब्रं. आ. संस्कृत महाविद्यालय चन्दौसी सम्भल पिन-244412 में संस्कृत संवर्धन योजना के अर्न्तगत, केन्द्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय नई दिल्ली द्वारा 01 आधुनिक शिक्षक 20,000/- रू. प्रतिमाह मानदेय पर विज्ञान/अंग्रेजी स्नातकोत्तर उपाधि (बी. एड़.) को प्राथमिकता, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक स्व प्रमाणिक छाया प्रति प्रार्थना पत्र के साथ दिनांक 23. 1.2026 तक महा विद्यालय में प्रेषित करें, साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जायेगी। चयन प्रक्रिया के. सं. वि.वि. द्वारा की जायेगी। यह सेवा पूर्णतया मानदेय आधारित है।

**कार्यवाहक प्राचार्य**

**बेदखली सूचना**

मैने अपनी पत्नी श्रीमती मोर्बीना जॉनसन को गलत संगत/ गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण के बाद अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से दिनांक 24.12. 2025 को बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में श्रीमती मोर्बीना जॉनसन के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**सुमित जॉनसन पुत्र श्री ओरीएन जॉनसन निवासी एच नंबर 100 नई सिविल लाइंस जेल के पीछे नजदीक टेलीफोन एक्सचेंज, जिला मुरादाबाद।**

# पत्नी ने प्रेमी व भाई संग मिलकर की पति की हत्या

## जांच में पत्नी पर हुआ शक, मृतक के भाई ने दर्ज कराई थी तहरीर, पुलिस ने किया सनसनीखेज खुलासा, दो जनवरी को मिला था अज्ञात शव

**चन्दौसी।** जनपद संभल में पत्नी द्वारा पति को प्रेमी संग मिलकर जान से मारने के संबंध में एक और मामला सामने आया है जिसमें पत्नी ने अपने प्रेमी व भाई के साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। पहले पति को फांसी का फंदा लगाकर जान से मारा गया और बाद उसके शव को दुर्घटना का रुप देने के लिए चलती बाइक से एक डीसीएम के आगे फेंक दिया। पुलिस जांच के उपरांत तीनों को गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक डा0 अनुकृति शर्मा द्वारा मामले का खुलासा किया गया।

बता दें कि 02 जनवरी 2026 को ग्राम पुरनपट्टी थाना जुनावई में एक अज्ञात शव (पुरुष) मिला था जिसकी शिनाख्त हेतु तीन टीम गठित कर फोटो पम्पलेट चस्पाकर तथा सोशल मीडिया के माध्यम से प्रयास किया गया था जिसमें उक्त शव की पहचान सनी पुत्र हीरालाल निवासी मौहल्ला ओढ़पुरा थाना हाथरस गेट जनपद हाथरस के रुप में हुई जिसके उसकी पत्नी नेहा गौतम तथा भाई महादेव सिंह द्वारा तस्दीक किया गया। मृतक की पत्नी द्वारा अपने पति के अधिक शराब पीने के कारण दिल्ली काम के लिए निकलना तथा रास्ता भटकने के करण नशे में मृत्यु होने की संभावना होना बताया। 05 जनवरी को मृतक सनी को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटना के कारण मृत्यु होना पाया गया। इसके अतिरिक्त उसकी पसलियां भी टूटी हुई पायी गयी तथा लीवर क्षतिग्रस्त पाया गया। अत: पुलिस द्वारा परिजनों को शव सुपुर्द कर गहनता से जांच शुरु की। जांच में प्रथम दृष्टत: मृतक की पत्नी की संदिग्धता पायी गयी, जिसके बारे में परिजनों से वार्ता की गयी तो मृतक के बडेध् भाई द्वारा पुष्टि करते हुए 08 जनवरी को मृतक की पत्नी नेहा, उसके साले अरुण तथा मृतक की पत्नी के प्रेमी रंजीत पुत्र कौजीराम निवासी ग्राम



सैमला करनपुर थाना जुनावई जनपद संभल के नाम तहरीर प्रस्तुत की जिसके आधार पर मु0अ0सं0 08/2026 पंजीकृत किया गया।

बताया गया कि मृतक सनी की शादी 18 जून 2018 को नेहा से हुई थी। सनी गलत संगत में रहता था जिसके कारण शराब व जुआ का आदी हो गया था। सनी के ज्यादा शराब पीने व गलत आदतों की वजह से एक बार मथुरा से जेल गया जबकि दूसरी बार चोरी में थाना हाथरस गेट से जेल गया। जेल से आने के बाद उसने घर व घर का सारा सामान बेच दिया। पति-पत्नी दोनों किराये पर रहने लगे किन्तु किराया नहीं देने के कारण लोग घर से निकाल देते थे। इसी दौरान करीब 04 वर्ष पहले नेहा की मुलाकात रंजीत से हुई, दोनों में प्रेम बढ़ गया और नेहा रंजीत साथ चली गयी। इसके बाद सनी ने नेहा के मायके वालों घरवालों को परेशान करना शुरु कर दिया तो नेहा उसके पास वापिस आ गयी। सनी द्वारा नेहा व उसके परिजनों को निरंतर परेशान किया जा रहा था व कई बार उसके साथ मारपीट भी की गयी। इसी कारण नेहा ने अपने भाई अरुण और प्रेमी रंजीत के साथ मिलकर उसको मारने की योजना बनाई।

30 दिसंबर 2025 को नेहा ने रंजीत को कासगंज बुलाया, नेहा उस दिन पटियाली गई थी। अगले दिन नेहा की मुलाकात नेहा घर पर रंजीत से हुई और तीनों (नेहा, अरुण और रंजीत) ने मिलकर योजना के अनुसार 01 जनवरी 2026 को नेहा ने सनी को अरुण और रंजीत के साथ काम करने के बहाने अपने घर बुलाया और दोपहर करीब 03 बजे अरुण को शराब के लिए पैसे देकर रंजीत, सनी और अरुण तीनों को कहीं भी मारकर फेंकने के लिए भेज दिया। रंजीत और अरुण ने सनी को योजना के अनुसार, शराब पिलाकर गले में रस्सी को फंदा लगाकर मार दिया तथा नेहा की पिटाइ का बदला लेने के लिए डंडा और लात घूसों से खूब पिटाई की। इसके बाद अरुण और रंजीत ने शव को पास ही भूस की बुर्जी में जलाने के लिए माचिस का इंतजाम करने का प्रयास किया किन्तु माचिस नहीं मिलने के कारण शव को जला नहीं सके। इसके पश्चात् शव का सड़क दुर्घटना का रुप देने के लिए मोटरसाईकिल पर लेकर सड़क की ओर जाने लगे तो सामने से दूध लेकर आ रही डीसीएम को देखकर कच्चे रास्ते पर शव को फेंक दिया। पुलिस द्वारा तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी जुनावई अखिलेश प्रधान, उ0नि0 संतोष कुमार सिंह, का0 विक्की कुमार व भूपेश नागर का सहयोग रहा।

## वृद्ध विधवा महिला के मकान पर सौतेले देवर का कब्जा, पीड़िता ने एसएसपी से लगाई न्याय की गुहार

**ठाकुरद्वारा।** थाना भोजपुर निवासी विधवा वृद्ध महिला सबीना ने अपने मकान पर अवैध कब्जे का गंभीर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है। वृद्ध महिला का कहना है कि सौतेले देवर ने जबरन उसके मकान पर कब्जा कर लिया है और विरोध करने पर उसे धमकाया जा रहा है। पीड़िता का कहना है कि स्वर्गीय शौकत अली ने अपने जीते जी चार पुत्रों को अपने रहने के मकान बराबर हिस्सों में बांट दिए थे । पीड़िता जिस मकान में रहती है वह हिस्सा पीड़िता को गुजर बसर के लिए दे दिया गया था। पीड़िता का कहना है की उसके सौतेले देवर ने अपने-अपने हिस्से बेचकर दूसरी जगह मकान ले लिए परंतु अब वह दबंगई के बल पर पीड़िता का मकान कब्जा रहे हैं।

पीड़िता के अनुसार मकान उसकी निजी संपत्ति है, इसके बावजूद दबंग पक्ष बलपूर्वक उसमें रह रहा है। इस संबंध में पीड़ित ने पहले स्थानीय थाना भोजपुर में शिकायत दर्ज कराई थी,लेकिन कोई ठोस कार्रवाई न होने से निराश होकर उसने अब सीधे वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से शिकायत की है।शिकायतकर्ता नै च् को दिए प्रार्थना पत्र में मांग की है कि अवैध कब्जा हटवाकर उसे उसका मकान दिलाया जाए और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में उसे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।मामले को लेकर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शिकायत की जांच कराई जा रही है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दक्ष चौधरी ने अखिल भारतीय बार परीक्षा (एआईबीई 2025) उत्तीर्ण की, परिवार में खुशी की लहर

**ठाकुरद्वारा।** बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) द्वारा घोषित एआईबीई-20 (2025 सत्र) के परिणामों में दक्ष चौधरी सहित कुल 1,74,386 उम्मीदवारों ने सफलता हासिल की है। इस सफलता के बाद अब दक्ष चौधरी एक पूर्ण अधिवक्ता (अधिवक्ता) के रूप में भारत की किसी भी अदालत में वकालत करने के योग्य हो गए हैं। बतादें कि 7 जनवरी 2026 को जारी हुए इन परिणामों में इस वर्ष 69.21 : समग्र उत्तीर्ण प्रतिशत दर्ज किया गया। दक्ष चौधरी के पिता रनवीर चौधरी ने बताया, दक्ष की कड़ी मेहनत रंग लाई। पूरे परिवार को उसकी इस सफलता पर बहुत गर्व है। यह उसके कानूनी करियर की पहली महत्वपूर्ण सीढ़ी है। परिणाम आते ही परिवार और मित्रों ने उन्हें बधाई देना शुरू कर दिया और घर पर छोटे स्तर पर खुशी का आयोजन किया गया। दक्ष चौधरी जैसे सफल उत्तीर्ण अधिवक्ताओं को अब बार काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से प्रैक्टिस सर्टिफिकेट (सीओपी) जारी किया जाएगा, जो भारत में वकालत करने के लिए एक अनिवार्य दस्तावेज है। इस प्रमाणपत्र को प्राप्त करने के लिए सफल अधिवक्ताओ को अपने संबंधित राज्य बार काउंसिल में आवश्यक दस्तावेज जमा करने होंगे।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय की महिला एथलेटिक टीम बेंगलुरु रवाना



**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय की महिला वर्ग की एथलेटिक टीम 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक चैंपियनशिप' में प्रतिभाग करने के लिए बेंगलुरु, कर्नाटक रवाना हो गई। टीम के रवाना होने से पहले विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। कुलपति प्रो. पाण्डेय ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में चहुँमुखी प्रतिभा को निखारने के लिए खेल संबन्धी गति. विधियों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विश्वविद्यालय के खेल निद. ेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए जानकारी दी कि यह ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी एथलेटिक चैंपियनशिप 12 से 16 जनवरी के बीच आयोजित होगी। इस मौके पर श्री शशांक कुमार एवं श्री कपिल गिल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ एजुकेशन एण्ड ह्युमेनिटीज की शिक्षिका सुश्री रश्मि पांडे भी महिला वर्ग की हैमर थ्रो टीम के साथ उपस्थित रहेंगी।

## टीएमयू में तीन दिवसीय 'केस राइटिंग एंड टीचिंग' कार्यशाला का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू), मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट-कॉलिज ऑफ मैनेजमेंट) एवं तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय द्वितीय कार्यशाला "केस राइटिंग एंड टीचिंग" का शुभारंभ आज उद्घाटन सत्र के साथ हुआ। यह कार्यशाला 8 से 10 जनवरी 2026 (गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार) तक आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में विभिन्न संकायों के शिक्षकगण एवं शोधार्थी उत्साहपूर्वक सहभागिता की है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी केस लेखन एवं शिक्षण के लिए सक्षम बनाना है, जिससे गुणवत्तापूर्ण एवं व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सके। इस कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. वी.के. जैन, माननीय कुलपति, टीएमयू, प्रो. मंजूला जैन, डीन एकेडमिक्स, प्रो. विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, टिमिट एवं टैम्पटेशन ग्रुप से आये उद्यमी श्री करण जी ने दीप प्रज्जवलन कर किया। माननीय कुल.



पति जी अपने संबोधन में कहा कि प्रबंधन एवं उच्च शिक्षा में केस आधारित शिक्षण पद्धति विद्यार्थियों में विश्लेषणात्मक सोच, निर्णय क्षमता एवं व्यावहारिक समझ विकसित करने में अत्यंत सहायक है। उन्होंने शिक्षकों को केस लेखन को एकेडमिक उत्कृष्टता का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। डॉ. मंजुला जैन, डीन (एकेडमिक्स), टीएमयू, ने अपने संबोधन में कहा कि केस लेखन शिक्षकों को शोध आधारित एवं अनुभवात्मक शिक्षण की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि अच्छी तरह से तैयार किए गए केस न केवल विद्यार्थियों की विश्लेषणात्मक क्षमता को विकसित करते हैं, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की व्यावसायिक परिस्थितियों से भी जोड़ते हैं। ऐसी कार्यशालाएं शिक्षकों को नवाचार एवं गुणवत्ता आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करती हैं। डॉ. विपिन जैन, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट, टिमिट, टीएमयू, ने कहा कि केस आधारित शिक्षण पद्धति प्रबंधन शिक्षा का एक प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने बताया कि केस लेखन और केस टीचिंग से कक्षा शिक्षण अधिक संवादात्मक, व्यावहारिक और परिणामोन्मुखी बनता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं शिक्षकों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों को समझने और उन्हें पाठ्यक्रम से जोड़ने में सहायक सिद्ध होती हैं। तीन दिवसीय कार्यशाला के दौरान केस लेखन की कार्यप्रणाली, केस टीचिंग तकनीक, उद्योग आधारित केस संग्रह, समूह चर्चाएं।

केस प्रस्तुति एवं मूल्यांकन सत्र आयोजित किए जाएंगे। दूसरे दिन प्रतिभागी केस लेखन हेतु इंडस्ट्री भ्रमण भी करेंगे, जिससे उन्हें वास्तविक व्यावसायिक समस्याओं को समझने का अवसर प्राप्त होगा।

## डिलारी के नगर पंचायत ढकिया से बरेली के लिए रोडवेज बस सेवा का शुभारंभ

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र ठाकुरद्वारा के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत ढकिया से बरेली के लिए रोडवेज बस का शुभारंभ किया गया है। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से मांग थी कि नगर पंचायत ढकिया से एक रोडवेज बस का संचालन किया जाए। क्षेत्रवासियों की इसी मांग पर उत्तर प्रदेश परिवहन के अधिकारियों द्वारा क्षेत्र की जनता की सुविधाओं के लिए रोडवेज बस का संचालन शुरू किया गया। जिसका शुभारंभ नगर पंचायत ढकिया के अध्यक्ष मुजम्मिल हुसैन ने फीता काटकर किया। रोडवेज बस का संचालन यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए प्रतिदिन सुबह 8. 00 बजे से बरेली के लिए किया जाएगा।

रोडवेज बस का संचालन होने से नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। क्षेत्रवासियों ने बताया कि रामपुर एवं बरेली जाने के लिए उन्हें अब कोई परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता जगदीश वाल्मीकि, प्यारे खान, अजमत अली, डॉक्टर अनुपम शर्मा, विरासत हुसैन, देवानंद आदि उपस्थित रहे।

## ठाकुरद्वारा में रेलवे लाइन को लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने सपा सांसद रुचि वीरा को भेजा प्रस्ताव

**ठाकुरद्वारा।** पश्चिम उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नगर में रेलवे लाइन की मांग को लेकर केंद्र सरकार के रेल मंत्री को संबोधित एक ज्ञापन सपा सांसद रुचि वीरा को भेजा गया है। केंद्र सरकार में रेल मंत्री से मिलकर रेलवे लाइन एवं रेलवे स्टेशन स्वीकृत करने का कष्ट करें क्षेत्र के हित को दृष्टिगत रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। इस दौरान बैठक में इंद्रकांत अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इरशाद, मोहम्मद रमजानी, राम प्रसाद गंगाराम, सोमपाल, सुभाष चंद्र, मोहम्मद अरशद, महमूद हुसैन, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार अग्रवाल, परवेज, अंकुर कुमार, असीम जावेद, अमित कुमार, रमेश चंद्र, मोहम्मद शाहिद, आसिफ बजाज, मोहम्मद जावेद, फारूक सिद्दीकी, सरफराज अहमद, शहजाद हुसैन, मोहम्मद फरमान आदि मौजूद रहे।

## गझेड़ा आलम में तेंदुए की दहशत, खेती-बाड़ी ठप

**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गझेड़ा आलम के मजरा मैडययो व सुरजन नगर चौकी छे त्र के गांव विठुयाठेर की आबादी के निकट तेंदुए की लगातार गतिविधियों से पूरे क्षेत्र में भय और दहशत का माहौल बना हुआ है। तेंदुए की बार-बार दस्तक से किसान बुरी तरह सहम गए हैं और जान के खतरे को देखते हुए उन्होंने खेतों में जाना तक बंद कर दिया है। स्थिति यह है कि सूर्यास्त होते ही गांव की सड़कों और कच्चे मार्गों पर सन्नाटा पसर जाता है। ग्रामीणों के अनुसार बीते कई दिनों से तेंदुआ आबादी के आसपास खुलेआम विचरण करता देखा जा रहा है। खेतों में कार्य करने गए किसानों ने कई बार तेंदुए को झाड़ियों और गन्ने के खेतों के बीच घूमते हुए देखा, जिससे ग्रामीणों में भारी दहशत फैल गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को घरों से बाहर निकलने से रोक दिया गया है। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से क्षेत्र में कांबिंग अभियान चलाया।



तलाशी के दौरान तेंदुआ तो दिखाई नहीं दिया, लेकिन उसके ताजे पदचिह्न अवश्य मिले, जिससे क्षेत्र में उसकी मौजूदगी की पुष्टि हो गई। इसके बावजूद अब तक वन विभाग द्वारा कोई ठोस और स्थायी कार्रवाई न किए जाने से ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की लगातार गतिविधियों के बावजूद वन विभाग केवल औपचारिकता निभाकर लौट जाता है। क्षेत्र में न तो पिंजरा लगाया गया है और न ही स्थायी निगरानी अथवा रात्रि गश्त की कोई प्रभावी व्यवस्था की गई है। ग्रामीणों ने वन विभाग से अविलंब पिंजरा लगाकर तेंदुए को पकड़ने तथा गश्त बढ़ाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और कोई अप्रिय घटना घटित होती है, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी वन विभाग की होगी।

तेंदुए की दहशत से गांव की सामान्य दिनचर्या पूरी तरह प्रभावित हो चुकी है । वन क्षेत्रा अधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बतायाकी विठुया ठेर गांव के जंगल में तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगा दियागया है । और वन विभाग की टीम लगातार निगरानी रख रही है । उधर ग्रामीणों को भी सावधान रहने की अपील की गई है।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा माह का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा रोड सेफ्टी क्लब के सहयोग से ''राष्टीय सड़क सुरक्षा माह-2026'' मनाए जाने के अंतर्गत हुआ 'जनमानस जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस ईकाई के स्वयं सेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं तथा समीपस्थ गांव लोधीपुर राजपूत में ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन की रक्षा का संकल्प है। यदि युवा वर्ग इस दिशा में जागरूक होगा, तो समाज में दुर्घटनाओं की संख्या अवश्य घटेगी। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय सदैव ऐसे सामा. जिक एवं जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रोत्साहित करता रहेगा। वहीं



एनएसएस इकाई के समन्वयक व स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि विद्यार्थियों में सेवा भावना, अनुशासन और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करने, जनमानस में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने तथा यातायात नियमों का पालन करने के महत्व को समझाने के उद्देश्य से इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं को जागरूक करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है तथा एनएसएस ईकाई के स्वयंसेवक इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने सभी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति युवाओं का जागरूक होना बेहद आवश्यक है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अशोक कुमार, श्री दीपक शर्मा एवं श्रीमती रूचि चौधरी की भूमिका महत्वपूर्ण रही। कार्यक्रम के दौरान 30 से अधिक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के नबी अहमद बने पश्चिमी मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष



**कुन्दरकी।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर की संतुति पर अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष खुर्शीद आलम द्वारा कुंदरकी नगर निवासी नबी अहमद पुत्र शकील अहमद को पश्चिमी मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति की खबर मिलते ही कुंदरकी नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नबी अहमद को बधाई देते हुए आशा जताई कि उनके नेतृत्व में अल्पसंख्यक समाज को संगठन में नई मजबूती मिलेगी और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

## पंचायत सहायकों व डीईओ की टाइपिंग परीक्षा तय, पास न होने पर नौकरी समाप्त

**कुंदरकी।** खंड विकास अधिकारी द्वारा पत्र जारी कर ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायत सहायकों एवं डाटा एंट्री ऑपरेटरों के लिए हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग स्क्रीनिंग परीक्षा अनिवार्य कर दी गई है। अधिकारियों के अनुसार यह निर्णय कार्यप्रणाली को सुचारु बनाने और पंचायत सहायकों से प्रभावी कार्य लेने के उद्देश्य से लिया गया है। जारी निर्देशों के मुताबिक ग्राम सचिवालयों में तैनात पंचायत सहायकों की यह स्क्रीनिंग परीक्षा 25 जनवरी से 31 जनवरी के बीच विकास खंड मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। परीक्षा की अलग-अलग तिथियों की सूचना संबंधित कर्मचारियों को पृथक से दी जाएगी। करते हुए सेवा समाप्ति की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। आदेश जारी होते ही ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यरत पंचायत सहायकों और डाटा एंट्री ऑपरेटरों में हलचल तेज हो गई है। जहां एक ओर कर्मचारी अपनी टाइपिंग दक्षता बढ़ाने की तैयारी में जुट गए हैं, वहीं पत्र मिलने के बाद कुछ कर्मचारी सोशल मीडिया पर विरोध भी जता रहे हैं।

### खोया पाया सूचना

मेरा इण्टरमीडिएट वर्ष 2012 अनुक्रमांक 0542356 का द्वितीय अंक पत्र-सह -प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।
कविता देवी पुत्री सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम शाहबाजपुर कलां पोस्ट शरीफनगर ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एसएसपी ने देर रात कोतवाली का किया औचक निरीक्षण, नई चौकी और सुरक्षा अभियानों की घोषणा

**ठाकुरद्वारा।** मुरादाबाद एसएसपी सतपाल अंतिलने कोतवाली ठाकुरद्वारा का गुरुवार की देर रात कोतवाली थाने का एक आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के मैस, मालखाना, महिला डेस्क तथा



अन्य कार्यालय कक्षों का सूक्ष्मता से जायजा लिया। निरीक्षण के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए एसएसपी सतपाल अंतिल ने कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने बताया कि कोतवाली क्षेत्र का दायरा अत्यधिक बड़ा होने के कारण, जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लगभग आठ किलोमीटर के दायरे में एक नई पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। इस कदम का उद्देश्य क्षेत्र में अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाना है। सड़क सुरक्षा को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इन अभियानों के तहत बिना हेलमेट के बाइक चालकों तथा बिना सीट बेल्ट लगाए चार पहिया वाहन चलाने वालों को विशेष रूप से जागरूक किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रति. निधियों से भी अपील की कि वे इन जन-जागरूकता अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें, ताकि सड़क सुरक्षा के प्रति आम जनता को संवेदनशील बनाया जा सके और दुर्घटनाओं पर स्थायी रूप से नियंत्रण पाया जा सके। निरीक्षण के दौरान कोतवाली निरीक्षक मनोज परमार, एस एस आई विजेंद्र सिंह, नगर दरोगा ओमकार सिंह आदि मौजूद रहे।

## पीएमश्री विद्यालय भुलावई में ग्राम चौपाल का आयोजन

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा के पीएमश्री विद्यालय भुलावई में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट की अध्यक्षता में सुशासन, स्वास्थ्य, आजीविका और शिक्षा की थीम पर 'ग्राम चौपाल: गांव की समस्या, गांव में समाधान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार होमगार्ड्स एवं नागरिक सुरक्षा, उत्तर प्रदेश शासन धर्मवीर प्रजापति तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व एमएलसी एवं भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य परमेश्वर लाल सैनी एवं माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के प्रतिनिधि चन्द्रसेन दिवाकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय की बालिकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र एवं स्थानीय कृषि उत्पाद



भेंट कर सम्मानित किया गया, साथ ही अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया। ग्राम चौपाल में स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा कैम्प एवं स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। समाज कल्याण विभाग द्वारा पेंशन योजनाओं एवं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के विषय में जानकारी देते हुए बताया गया कि पूर्व में 51 हजार रुपये की सहायता राशि को बढ़ाकर अब एक लाख रुपये कर दिया गया है। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से बहन-बेटियों को आत्मनिर्भर बनाना सरकार का संकल्प है। ग्राम चौपाल के दौरान आईसीडीएस विभाग द्वारा गोद भराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इसके उपरांत मंत्री ने ग्राम पंचायत भुलावई की अस्थाई गौशाला का निरीक्षण कर गोवंशों को हरा चारा व गुड़ खिलाया तथा गोपूजन किया। बाद में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चन्दौसी का निरीक्षण कर एनआरसी, लेबर रूम, डायलिसिस सेंटर एवं अन्य वार्डों का अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हरविंदर सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह, खंड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा, जिला भाजपा कोषाध्यक्ष अंकित जैन, ग्राम प्रधान सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पिकअप ने कार को मारी टक्कर, दंपती व पुत्र घायल

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा-अलीगंज मार्ग पर शुक्रवार सुबह घने कोहरे के कारण एक पिकअप वाहन ने कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार सवार दंपती और उनका पुत्र घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे कोतवाली क्षेत्र के गांव राघुवाला निवासी अब्दुल लतीफ अपनी पत्नी अकीला और पुत्र शाने आलम के साथ जनपद रामपुर के दढ़ियाल क्षेत्र में रिश्तेदारी में जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ठाकुरद्वारा-अलीगंज मार्ग पर पीलकपुर गुमानी से आगे बढ़ी, तभी घने कोहरे के कारण सामने से आ रही पिकअप ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार में सवार तीनों लोग घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना 108 एम्बुलेंस को दी। सूचना मिलते ही एम्बुलेंस पायलट द्रोजपाल और ईएमटी विजय प्रकाश मौके पर पहुंचे और घायलों को नगर के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद अकीला की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उन्हें काशीपुर के एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए ले गए हैं। घटना के बाद मार्ग पर कुछ देर अफरा-तफरी का माहौल रहा।

# हिंदू कॉलेज में छात्र पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने के दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित हिंदू कॉलेज में बीकॉम के छात्र पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगाने की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह घटना बीते दिन गुरुवार की है, जिसने कॉलेज परिसर में हड़कंप मचा दिया था।थाना कोतवाली नगर में पीड़ित छात्र फरहाद अली पुत्र नवाब अली, निवासी हरथला मोहल्ला दर्जियान, थाना सिविल लाइन, ने लिखित तहरीर देकर पुलिस को बताया था कि उसी के कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र आरूष उर्फ अनुराग ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। इस संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।घटना की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक



कोतवाली नगर राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने जांच शुरू की। अथक प्रयासों के बाद पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर-3 के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों में आरूष उर्फ आयुष उर्फ अनुराग पुत्र सुनील कुमार, निवासी रेलवे कॉलोनी चन्दन नगर, थाना सिविल लाइन तथा दीपक पुत्र सुरजीत सिंह, निवासी गोविन्द नगर, थाना कटघर शामिल हैं। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त पेट्रोल की बोतल, लाईटर और पीड़ित की जली हुई पैंट बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वह फरहाद अली से पढ़ाई में पिछड़ने के कारण उससे ईर्ष्या करते थे, क्योंकि वह हमेशा उनसे ज्यादा नंबर लाता था। साथ ही उन्होंने स्वीकार किया कि इंस्टाग्राम पर चल रहे एक खतरनाक ट्रेंड से प्रेरित होकर उन्होंने यह कृत्य किया।

उनका इरादा फरहाद पर पेट्रोल डालकर आग लगाने, फिर आग बुझाकर उसका वीडियो बनाने का था। पुलिस के अनुसार, गुरुवार को परीक्षा समाप्त होने के बाद सीढ़ियों के पास पीछे से फरहाद अली पर पेट्रोल डाला गया और लाईटर से आग लगा दी गई। समय रहते आग बुझा दी गई, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है और मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# कटघर इलाके में पति ने की पत्नी की हत्या आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना कटघर क्षेत्र के देवापुर इलाके से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक पति ने पारिवारिक विवाद के चलते अपनी ही पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपी पति ने खेत में हुए झगड़े के दौरान फावड़े से वार कर पत्नी को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार देवापुर निवासी राजू सैनी का अपनी पत्नी पूनम से किसी घरेलू बात को लेकर विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों खेत की ओर चले गए, जहां कहासुनी के दौरान राजू ने आपा खो दिया।गुस्से में आकर उसने पास पड़े फावड़े से पत्नी पूनम के सिर पर जोरदार वार कर दिया। गंभीर चोट लगने के कारण पूनम की मौके पर ही मौत हो गई।घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। मृतका की बेटी ने हिम्मत दिखाते हुए अपने ही पिता के खिलाफ थाने में तहरीर दी।




बेटी की शिकायत पर पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की और आरोपी पति राजू सैनी को गिरफ्तार कर लिया।सूचना मिलने पर थाना कटघर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला घरेलू विवाद का प्रतीत होता है। आरोपी के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।इस घटना से पूरे इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है ताकि घटना से जुड़े सभी तथ्यों का खुलासा किया जा सके।

## अनधिकृत वाहनों की होगी जांच



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र बरेली श्री केपी गुप्ता के नेतृत्व में जनपद मुरादाबाद में अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों की जांच की गई। इस दौरान आमजन से अपील की गई कि वे अपने वाहनों का संचालन सभी वैध प्रपत्रों के साथ ही करें। जांच के दौरान दो पहिया वाहन चालकों और साथ बैठने वालों को हेलमेट लगाने और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट पहनने की सलाह दी गई। यात्री वाहनों की विशेष जांच की गई और चालकों को निर्देश दिया गया कि वे ओवरलोडिंग और ओवरस्पीडिंग न करें और सुरक्षित तरीके से वाहन चलाएं। इस दौरान ब्लैक फिल्म और हूटर बत्ती का अनधिकृत रूप से इस्तेमाल करने वाले वाहनों की भी जांच की गई, लेकिन कोई भी वाहन ऐसा नहीं मिला जिसमें ब्लैक फिल्म या अनधिकृत रूप से हूटर या बत्ती लगी हो। इस जांच में संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद संदीप कुमार पंकज, यात्री कर अधिकारी मुरादाबाद श्री नरेंद्र छाबड़ा और अन्य स्थानीय पुलिस बल भी उपस्थित रहे।

# तहसील के प्राइवेट कर्मचारी और अधिवक्ता के साथ हुई कहासुनी के बाद वकीलों ने किया कार्य बहिष्कार का ऐलान, तहसीलदार पर बात ना सुनने का आरोप

**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहसील के प्राइवेट कर्मचारी दानिश और अधिवक्ता वकील अहमद के बीच कहासुनी और दुर्व्यवहार के बाद वकीलों में आक्रोश फैल गया वकील तहसीलदार के पास पहुंचे लेकिन उन्होंने उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया इसके बाद अधिवक्ताओं ने सोमवार से तहसीलदार कोर्ट के कार्य बहिष्कार का ऐलान कर दिया। दोपहर बाद अधिवक्ता वकील अहमद नजारत में किसी कार्य से गए थे बताया गया कि वहां पर प्राइवेट कर्मचारी दानिश ने अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया जवाब में अधिवक्ता ने कुछ कहा तो कर्मचारी ने दुर्व्यवहार करते हुए उन पर हमला कर दिया। सूचना मिलते ही वकीलों में आक्रोश फैल गया लेकिन बात तब बढ़ गई जब तहसीलदार ने वकीलों की तरफ से आने वाले रास्ते में ताला लगवा दिया। वकीलों ने नारेबाजी शुरू कर दी इसके बाद ताला तो खुल गया अधिवक्ता तहसीलदार कार्यालय में





पहुंचे और उन्होंने अपना पक्ष रखना चाहा आरोप है की तहसीलदार द्वारा बकीलो की बात नहीं सुनी गई और इस बात को लेकर उनसे भी नोक झोक हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची तहसील में लोगो की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई इसके बाद बकीलो ने तहसील. बार सभागार में एक आकस्मिक बैठक बुलाई और तहसीलदार पर विभिन्न आरोप लगाते हुए न्यायालय का पूर्ण बहिष्कार करने का ऐलान कर दिया। अधिवक्ताओं का कहना था कि वह किसी भी दशा में अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालांकि तहसीलदार का कहना था कि ऐसी कोई बड़ी बात नही हुई उन्हें कुछ नही कहना। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद कुमार शर्मा महासचिव दीपक बिश्नोई हरपाल सिंह जैनुल हसन मोहम्मद हसन चरन सिंह सैनी भू प्रकाश सिंह लक्ष्मण सिंह सलमान खान राहुल चौधरी साजिद वारसी जीशान आलम अतुल बिश्नोई इमरान खान त्यागी विजेंद्र सिंह चरन सिंह ढाका संजीव कुमार बिश्नोई विजय वीर बिश्नोई यशवीर सिंह आदि काफी अधिवक्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### मिशन शक्ति के तहत पुलिसकर्मियों ने चलाया जागरूकता अभियान



**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत शुक्रवार को जनपद सम्भल की मिशन शक्ति टीम में नियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही 'मिशन शक्ति-5.0' अभियान के अन्तर्गत जनपद की एंटीरोमियो टीम द्वारा प्रमुख बाजारों, कस्बा, चौराहों, स्कूलों-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर महिला पुलिसकर्मियों द्वारा शासन व पुलिस विभाग द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण स्वावलंबन हेतु चलाई जा रही विभिन्न विभागों की योजनाओं तथा पुलिस विभाग से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों वीमेन पावरलाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112 इमरजेन्सी कॉल/पैनिक बटन-मोबाइल पर डेमो, सी0एम0 हेल्प लाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्प लाइन-102, एम्बुलेंस सेवा-108, महिला हेल्प लाईन-181, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 आदि के बारे मे पंपलेट बांटकर जागरूक किया गया।

### राज्यमंत्री ने रखी बहजोई रेलवे फाटक पर आरओबी और चन्दौसी में जिला कोषागार की मांग

**चन्दौसी।** प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने बहजोई में रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) के निर्माण तथा चन्दौसी तहसील में जिला कोषागार की स्थापना को लेकर संबंधित विभागों के मंत्रियों को पत्र भेजे हैं। राज्यमंत्री की ओर से उनके प्रतिनिधि रामपाल ने यह दोनों पत्र लखनऊ में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव को सौंपे। मंगलवार को राज्यमंत्री प्रतिनिधि रामपाल ने प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान से भेंट कर उन्हें राज्यमंत्री द्वारा लिखे गए पत्र सौंपे। कोषागार एवं वित्त मंत्री को संबोधित पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में संभल स्थित जनपद कोषागार तक पहुंचना दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों के लिए अत्यंत कठिन है। कोषागार घनी आबादी के बीच टीले पर स्थित है तथा वहां तक पहुंचने के लिए कोई समुचित मार्ग भी उपलब्ध नहीं है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि नवसृजित जनपद का मुख्यालय अब बहजोई में स्थापित किया जा चुका है। ऐसे में या तो बहजोई में नया जिला कोषागार बनाया जाना चाहिए अथवा चन्दौसी तहसील के समीप लिंक मार्ग पर स्थित उपकोषागार को जिला कोषागार का दर्जा दिया जाना चाहिए, जिससे जनसुविधाओं में सुधार हो सके। वहीं रेल मंत्री के नाम दिए गए पत्र में बहजोई जिला मुख्यालय की घनी आबादी में स्थित रेलवे फाटक संख्या 45बी का मुद्दा उठाया गया है। फाटक बंद होने पर वहां लंबा जाम लग जाता है, जिससे आमजन, छात्र-छात्राएं, मरीज एवं शासकीय कर्मचारी गंभीर कठिनाइयों का सामना करते हैं।

यह मार्ग बहजोई को आसपास की तहसीलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जोड़ने वाला प्रमुख रास्ता है। राज्यमंत्री ने बढ़ते यातायात और भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए उक्त स्थान पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को अत्यंत आवश्यक बताया है। आरओबी के निर्माण से यातायात व्यवस्था सुगम होगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी।

### गैंगस्टर एक्ट में दोषी को सजा

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय संभल, चन्दौसी द्वारा अपराधियों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाया जा रहा है। अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट संभल स्थित चन्दौसी अवधेश कुमार सिंह द्वारा अपराधियों को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार 09 जनवरी 2026 को थाना बहजोई जनपद संभल से संबंधित मु0अ0सं0 498/2023, धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट के मामले में दोषी सानू पुत्र नबी अहमद निवासी ग्राम मझौला थाना बहजोई को दोष सिद्ध पाया गया। माननीय न्यायालय ने अभियुक्त को जेल में बिताई गई अवधि 02 वर्ष 03 माह 14 दिन के कारावास एवं 5,000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। न्यायालय के इस निर्णय से अपराधियों में भय एवं आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# फाइनेंस कंपनी बनाने के नाम पर 45 लाख की रकम ठगी

■ रकम वापस मांगी तो कर दिए फर्जी बयनामे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** फाइनेंस कंपनी बनाकर मोटा मुनाफा कमाने का लालच देकर युवक को झांसे में ले लिया और उसके रिश्तेदारों से 45 लाख रुपए रकम अलग-अलग फाइनेंस कंपनी से फर्जी लोन कराकर हड़प ली। जब रकम वापस मांगी तो तीन दोस्तों को साथ लेकर फर्जी तरीके से तीन मकान के बैनामे कर दिए।

जब कब्जा लेने पहुंचे तो पता च वह किसी और की प्रोपर्टी है। फर्जी दस्तावेज के जरिए बैनामे किए गए। इस मामले में डीआईजी के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। जिला मुरादाबाद के थाना सोनकपुर के गांव हसनपुर रूप निवासी समरपाल पुत्र तेजपाल सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसकी दोस्ती थाना सोनकपुर के गांव उमरारा के रहने वाले प्रकाश पुत्र खेमकरण के साथ थी। प्रकाश ने झांसा दिया कि दोनों मिलकर एक फाइनेंस कंपनी बनाते हैं।

जिसके लिए उसके समस्त डॉक्यूमेंट ले लिए। इस बीच दो लोगों को फाइनेंस स्टार्टअप कस्टमर के रूप में बनाने के लिए प्रकाश ने उसके रिश्तेदार विजेंद्र सिंह उर्फ बंटी, विकास कुमार आदि के समस्त अभिलेख ले लिए और जानकारी के बिना अलग-अलग फाइनेंस कंपनियों से करीब 45 लाख रुपए के लोन करा दिए और पैसा अपने खातों में ट्रांसफर कर लिया। जब इस मामले को लेकर शिकायत की तो उसने प्रॉपर्टी का बैनामा कराने का आश्वासन दिया। जिससे अपने दोस्त चांदपुर गणेश निवासी केदार सिंह को विक्रेता दिखाकर उसके रिश्तेदार विजेंद्र सिंह के नाम ढकिया नरु में एक प्लांट का बैनामा कराया, जबकि दूसरे दोस्त अखिलेश को विक्रेता दिखाकर उसके रिश्तेदार विकास के नाम पर एक प्लॉट का बैनामा कराया। प्रकाश ने अपने बहनोई विनेश कुमार को विक्रेता दिखाकर रिश्तेदार विकास के नाम पर एक अन्य मकान का बैनामा पंजीकृत कराया। जब वह कब्जा लेने मकान पर पहुंचे तो पता लगा की प्रॉपर्टी के स्वामी दूसरे लोग हैं। फर्जी लोगों को षड़यंत्र में मिलाकर फर्जीबाड़ा करके रिश्तेदारों के नाम गलत बैनामें कराए। इस तरह से कुल 45 लाख रुपए की रकम हड़प ली। जब प्रकाश से इस मामले को लेकर कहा तो वह धमकाने लगा। गंदी गालियां दी। अब तहरीर के बाद पुलिस ने षड्यंत्र कारी प्रकाश व उसके साथी केदार सिंह, अखिलेश कुमार, विनेश कुमार के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

# गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत रैली निकालकर लोगों किया जागरूक

**मुरादाबाद।** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में शुक्रवार को रोवर्स रेंजर्स एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान एवं जीरो फेटैलिटी समाधान विषय पर व्यापक जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ राहवीर योजना की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं ने रैली निकालकर शहर के प्रमुख चौराहों पर राहगीरों को राहवीर योजना के महत्व से अवगत कराया। रैली के दौरान छात्राओं ने लोगों को बताया कि यदि कोई व्यक्ति सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाकर उसे समय पर अस्पताल पहुंचाता है, तो सरकार द्वारा उसे राहवीर योजना के तहत सम्मानित और पुरस्कृत किया जाता है।इस अवसर पर कॉलेज




की प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है।

उन्होंने हेलमेट और सीट बेल्ट के प्रयोग को जीवन रक्षा के लिए अनिवार्य बताया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों को समझाया कि हेलमेट पहनना स्वयं की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। साथ ही चार पहिया वाहन चालकों से सीट बेल्ट लगाने की अपील की गई। कार्यक्रम का आयोजन रोवर्स रेंजर्स अधिकारी प्रोफेसर एकता भाटिया, डॉ प्रेमलता कश्यप, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अनुशासिका प्रोफेसर किरण साहू, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा, डॉ रेनू शर्मा, डॉ प्रीति पांडे, डॉ रूपाली गुप्ता सहित महाविद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# सीडीओ की अध्यक्षता में उद्योग विभाग की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में उद्योग विभाग, आईटीआई, श्रम विभाग, कौशल विकास मिशन और सेवायोजन विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में उद्योग विभाग की सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की विस्तृत समीक्षा के दौरान संयुक्त आयुक्त उद्योग ने बताया कि योजना के अन्तर्गत बैंकों को प्रेषित आवेदन पत्र 4675 के सापेक्ष बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष में 9 माह व्यतीत होने के उपरान्त भी मात्र 1663 स्वीकृति तथा 1549 आवेदन पत्रों पर वितरण की कार्यवाही की गई है, जो कि जनपद को आवंटित लक्ष्य 2900 के सापेक्ष 53 प्रतिशत



ही प्रगति प्राप्त की गई है। बैठक में उपस्थित बैंकों के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि 31 जनवरी तक उनके द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष 80 प्रतिशत की पूर्ति सुनिश्चित कर ली जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि जनवरी माह में उद्योग विभाग द्वारा बैंकों को आवंटित लक्ष्यों का 80 प्रतिशत प्रत्येक दशा में प्राप्त कर लिया जाए। इसके अतिरिक्त, उ.प्र. कौशल विकास मिशन के प्रतिनिधि ने अवगत कराया कि उनको आवंटित लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित कर ली गई है। सेवायोजन विभाग ने बताया कि जनपद को आवंटित रोजगार मेलों के वार्षिक लक्ष्य 46 के सापेक्ष दिसम्बर माह तक 45 मेलों की पूर्ति कर ली गई है। श्रम विभाग के प्रतिनिधि ने बताया कि मातृत्व शिशु तथा बालिका मदद योजना के अन्तर्गत अब तक 1253 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं।

## एफआर इंटर कॉलेज में यातायात माह के तहत सड़क सुरक्षा शपथ

**चन्दौसी।** शुक्रवार को एफ. आर. इंटर कॉलेज चन्दौसी में यातायात माह के अंतर्गत यातायात संबंधी नियमों की शपथ उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ को प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन द्वारा कराई गई। प्रार्थना सभा के दौरान प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी दी एवं छात्र-छात्राओं को ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन, दो पहिया वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया और यह भी बताया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने और ट्रिपल राइडिंग से बचें। कोहरे के समय सुरक्षित राइडिंग पर ध्यान दें। संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय के दो छात्र 07 जनवरी को प्री बोर्ड की परीक्षा देने विद्यालय आ रहे थे। वह दोनों छात्र एक ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराकर दुर्घटना में गम्भीर घायल हो गए।

उन्होंने सभी छात्रों से सुरक्षित चलने के लिए प्रेरित किया एवं यातायात संबंधी नियमों को कड़ाई से पालन करने के लिए कहा सड़क सुरक्षा ही जीवन रक्षा है ऐसा संदेश दिया। सड़क सुरक्षा शपथ में सभी छात्र-छात्राएं व स्टाफ उपस्थित रहा।



